आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 30.05.2025 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू–कश्मीर के पुंछ में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान की गोलाबारी से पीडित परिवारजनों को नियुक्ति पत्र वितरित किए।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा – प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और भारतीय सैनिकों के दृढ़ संकल्प के परिणाम स्वरूप ऑपरेशन सिंदूर को अभूतपूर्व सफलता मिली।
- कोटद्वार की अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने अंकिता भंडारी हत्याकांड में तीनों आरोपियों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई।
- राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने राजभवन नैनीताल में 20वें गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट का शुभारंभ किया।

गृह मंत्री पुंछ दौरा

गृह मंत्री अमित शाह ने आज जम्मू कश्मीर में पुंछ नगर का दौरा किया और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान की ओर से इस सीमावर्ती नगर में हुई गोलाबारी में सम्पत्तियों और धार्मिक स्थलों को हुए नुकसान का मौके पर जायजा लिया। श्री शाह ने कहा कि हर आतंकी हमले का जवाब दृढ़ता से दिया जाएगा।
गृह मंत्री के साथ उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, वरिष्ठ अधिकारी और शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों ने पाकिस्तानी गोलाबारी से पीडित परिवारों से डाक बंगले में मुलाकात की और उनकी शिकायतें सुनी। गृह मंत्री ने पीडित परिवारों को वित्तीय सहायता प्रदान की और गोलाबारी में मारे गए लोगों के परिवारजनों को नौकरी के नियुक्ति पत्र बांटे।

मुख्यमंत्री सैनिक संवाद

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व, स्पष्ट सोच और भारतीय सैनिकों के दृढ़ संकल्प के परिणामस्वरूप ऑपरेशन सिंदूर को अभूतपूर्व सफलता मिली। उन्होंने कहा कि हमारे बहादुर सैनिकों ने न केवल आतंक के ठिकानों को मिट्टी में मिला दिया, बल्कि उनके सरपरस्तों को भी घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया। यह भारत की दृढ़ इच्छाशक्ति और सशक्त रक्षा नीति का प्रत्यक्ष प्रमाण है। मुख्यमंत्री, 'ऑपरेशन सिंदूर' की ऐतिहासिक सफलता के उपलक्ष्य में आज देहरादून में आयोजित 'एक संवाद वीर सैनिकों के साथ' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने साहसी जवानों के शौर्य, पराक्रम और कर्तव्यनिष्ठा को ससम्मान नमन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भारत आत्मनिर्भर रक्षा क्षेत्र की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। स्वदेशी तकनीक से निर्मित आधुनिक हथियारों की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मांग बढ़ी है और भारत वैश्विक मंच पर एक भरोसेमंद रक्षा साझेदार के रूप में उभरा है। श्री धामी ने कहा कि प्रदेश सरकार भी सैनिकों

और उनके परिवारों के कल्याण के लिए संकल्पबद्ध है। उनके जीवन को सम्मान, सुरक्षा और सुविधा से जोड़ने के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं, जो न केवल उनके प्रति हमारी कृतज्ञता का प्रतीक हैं, बल्कि एक मजबूत राष्ट्र के निर्माण की दिशा में हमारा संकल्प भी दर्शाती हैं।

<u>अस्पताल सूचीबद्धता रद्द</u>

उत्तराखंड राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण ने आयुष्मान योजना के तहत सूचीबद्ध पांच अस्पतालों की सूचीबद्धता रद्द कर दी है। इनमें तीन अस्पताल देहरादून जिले के, जबकि पिथौरागढ़ और ऊधमसिंह नगर जिले के एक–एक अस्पताल शामिल हैं। इन अस्पतालों पर गत छह माह से आयुष्मान योजना की गतिविधियों में निष्क्रियता के चलते यह कार्रवाई की गई है। प्राधिकरण की मुख्य कार्यकारी अधिकारी रीना जोशी ने कहा कि आयुष्मान योजना के अंतर्गत सूचीबद्ध प्रत्येक अस्पताल को मानकों के अनुरूप अनिवार्य रूप से कार्य करना होता है। उन्होंने कहा कि निष्क्रिय अस्पतालों की सूचीबद्धता समाप्त करने के लिए मानक बनाए गए हैं और उसी के अनुरूप ये कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान योजना का समुचित लाभ अंतिम छोर पर खड़े आम लाभार्थी तक पहुंचाना, प्राधिकरण की प्राथमिकताओं में है। इसके लिए समय समय पर निगरानी के साथ–साथ सख्त निर्देश भी जारी किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि आमजन के जीवन से जुड़ी आयुष्मान योजना में किसी स्तर पर किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

<u>पीबी शब्द</u>

प्रसार भारती– प्रसारण और प्रसार के लिए साझा ऑडियो–विजुअल, पीबी शब्द ने यूट्यूबर्स, पॉडकास्टर्स और वीडियो संपादकों को निःशुल्क सेवा प्रदान करने के उद्देश्य से पंजीकरण करने के लिए आमंत्रित किया है। पीबी शब्द कॉपीराइट–मुक्त, प्रामाणिक और उपयोग में सुरक्षित सामग्री के लिए एक उत्कृष्ट स्रोत है।

<u>अंकिता हत्याकांड फैसला</u>

कोटद्वार की अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने आज अंकिता भंडारी हत्याकांड में मुख्य आरोपित पुलकित आर्य, अंकित गुप्ता और सौरभ भास्कर को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 50–50 हजार रुपये का अर्थ दंड और मृतका के परिजनों को चार लाख का मुआवज़ा देने के भी आदेश दिए हैं।

गौरतलब है कि पौड़ी जिले के यमकेश्वर स्थित एक रिजॉर्ट में कार्यरत 19 वर्षीय अंकिता भंडारी, 18 सितंबर 2022 को लापता हो गई थी। करीब छह दिन बाद, अंकिता का शव चीला नहर के बैराज में बरामद हुआ था। इस मामले में ट्रायल 28 मार्च, 2023 से शुरू हुआ था।

## गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट

राजभवन गोल्फ क्लब नैनीताल की ओर से आयोजित 20वां गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट आज से शुरू हो गया। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने टी–ऑफ कर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। तीन दिन तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में देशभर से इस वर्ष रिकॉर्ड 177 गोल्फर हिस्सा ले रहे हैं। आज 70 गोल्फर ने इसमें भाग लिया। इस अवसर पर राज्यपाल ने एशियाई खेलों के गोल्फ स्वर्ण पदक विजेता और अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित अमित लूथरा, पद्मश्री व अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित जफर इकबाल और स्कूली बच्चों सहित देश के विभिन्न हिस्सों से आए गोल्फरों से बातचीत करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। राज्यपाल ने कहा कि राजभवन गोल्फ कोर्स का नैसर्गिक सौंदर्य अपने आप में अलग है देश के विभिन्न भागों से यहां आने वाले खिलाड़ी गोल्फ खेलने के साथ ही उत्तराखण्ड की नैसर्गिक सुंदरता और यहां के पर्यटन स्थलों का भी लुत्फ उठा सकेंगे। उन्होंने कहा कि यह टूर्नामेंट केवल एक खेल आयोजन नहीं, बल्कि फिट इंडिया और खेलो इंडिया जैसी पहलों का सशक्त मंच है।

## योग दिवस काउंटडाउन कार्यक्रम

अंतराष्ट्रीय योग दिवस से पहले चम्पावत जिले में जगह– जगह काउंटडाउन कार्यक्रम के तहत योगाभ्यास का आयोजन किया जा रहा है। जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉक्टर आनंद सिंह गुसाईं ने बताया कि इसके तहत ग्राम पंचायत से लेकर ब्लॉक स्तर तक, स्कूल–कॉलेजों और सार्वजनिक स्थलों में योग प्रोटोकॉल के तहत विभिन्न प्रकार के योगाभ्यास कार्यक्रमों का आयोजन कर लोगों को योग के प्रति प्रेरित किया जा रहा है।

वहीं योगाभ्यास कार्यक्रम में आ रहे लोगों ने इसे बहुत लाभकारी बताया। गीता बिष्ट का कहना है कि योगाभ्यास से उन्हें काफी लाभ हो रहा है।